प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड विधानसभा के पहले चरण में 43 सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरु हो गई है। इन सभी सीटों के लिए पच्चीस अक्टूबर तक पर्चे दाखिल किए जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि इस बार ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन नामांकन करने की भी सुविधा प्रत्याशियों के लिए उपलब्ध कराई गई है। नामांकन पत्रों की जांच अठाइस अक्टूबर को होगी, जबकि नामंकन पत्र वापस लेने की अंतिम तारीख तीस अक्टूबर है। इन सीटों के लिए तेरह नवंबर को मतदान होगा। इधर, रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त वरुण रंजन ने पहले चरण में रांची, तमाड़, हटिया, कांके और मांडर विधानसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव की तैयारियों की जानकारी दी।

****

भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव आजसू पार्टी, जदयू और लोजपा के साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया है। रांची में आज एनडीए घटक दलों की संयुक्त प्रेस वार्ता में सीट शेयरिंग के फार्मूले की घोषणा की गयी। भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने पत्रकारों को बताया कि गठबंधन के तहत आजसू पार्टी को 10, जदयू को दो और लोजपा–रामविलास को एक सीट दी गयी है। शेष सीटों पर भाजपा अपने उम्मीदवार उतारेगी।

****

मौके पर मौजूद भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह एक मजबूत गठबंधन है, जो आने वाले चुनाव में राज्य की वर्तमान सरकार को उखाड़ फेकेंगी।

****

इस बीच आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष उमाकांत रजक और जमुआ से वर्तमान विधायक केदार हाजरा ने आज झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस दौरान झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केदार हाजरा उमाकांत रजक को पार्टी की सदस्यता दिलायी। इससे पहले उमाकांत रजक ने आजसू पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। उमाकांत रजक अब चंदनकियारी से झामुमो के उम्मीदवार हो सकते हैं।

****

इधर, इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग के मुद्दे को लेकर आज रांची में घटक दलों की बैठक होने वाली है। मुख्यमंत्री आवास में होने वाली इस बैठक में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और राजद नेता तेजस्वी यादव के अलावा वामदल के भी कई नेताओं के शामिल होने की संभावना है।

****

विधानसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह जिले में मतदाताओं जागरुकता को लेकर पहल तेज कर दी गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता

****

विधानसभा चुनाव से पहले पलामू जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले के पीपरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कई हथियार बरामद किया है। इनमें

एके–47, एसएलआर, इंसास जैसे अत्याधुनिक हथियार शामिल हैं। मौके से एक हजार जिन्दा कारतूस भी मिले हैं।

****

रांची के मांडर में राजकीय मुड़मा जतरा मेला आज से शुरू हो रहा है। दो दिनों तक चलने वाले इस ऐतिहासिक मेला के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम भी शामिल हो सकते हैं। इस मेले में देश–विदेश के लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे में प्रशासन द्वारा मेला के दौरान विधि व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

****